दिनांक: 29.04.2023 रोजगार

अधिसूचना/विज्ञापन संख्या- 2067

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी, भारत सरकार का एक उपक्रम जो झारखंड में कोकिंग कोल का उत्पादन करता है। कंपनी द्वारा विशेष रूप से अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए विशेष भर्ती अभियान के तहत निम्नलिखित रिक्तियों के लिए भारत के पात्र नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवार अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

**अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए विशेष भर्ती अभियान के तहत रिक्तियां:**

| पद का नाम | मूल वेतन (एनसीडबल्यूए-10) | बैकलॉग सहित कुल रिक्तियां | | | कुल रिक्तियां |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | ओबीसी (नॉन-क्रीमीलेयर) | |
| जूनियर ओवरमैन, तकनीकी और पर्यवेक्षकीय ग्रेड-'सी' | 31,852.56/- प्रति माह | 10 | 62 | 05 | 77* |

[एससी-अनुसूचित जाति, एसटी-अनुसूचित जनजाति, ओबीसी-अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमीलेयर)]

नोट* : रिक्तियां अंतरिम हैं और बीसीसीएल प्रबंधन आवश्यकता के अनुसार रिक्तियां बढ़ाने/घटाने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अधिसूचित रिक्तियों के रद्द होने की स्थिति में, उम्मीदवारों द्वारा भुगतान किया गया आवेदन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।

**1. पात्रता मापदंड-**

क. **न्यूनतम आवश्यक योग्यता:**

| पद का नाम | आवश्यक योग्यता |
|---|---|
| जूनियर ओवरमैन, तकनीकी और पर्यवेक्षकीय ग्रेड-'सी' | 1. किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से खनन इंजीनियरिंग में 03 वर्ष की अवधि का डिप्लोमा या खनन इंजीनियरिंग में डिग्री या केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित अन्य समकक्ष योग्यता।<br>2. ओपन कास्ट (ओसी) और अंडरग्राउंड (यूजी) खानों दोनों में काम करने के लिए कोयला खान नियमन 2017 के तहत खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) द्वारा जारी वैध ओवरमैनशिप योग्यता प्रमाणपत्र (अप्रतिबंधित)।<br>3. वैध गैस परीक्षण प्रमाण पत्र।<br>4. वैध प्राथमिक चिकित्सा प्रमाणपत्र। |

नोट: उम्मीदवारों के पास अधिसूचना की तिथि पर वैध प्रमाण पत्र होना चाहिए (अर्थात दिनांक 02.05.2023)।

ख. आयु सीमा :

1. अधिसूचना की तिथि को उम्मीदवार की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए (अर्थात दिनांक 02.05.2023)।
2. अधिसूचना की तिथि को ओबीसी उम्मीदवारों के लिए आयु 33 वर्ष और अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लिए 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए (अर्थात दिनांक 02.05.2023)।
3. पात्रता मानदंड के लिए निर्धारक (कट-ऑफ) तिथि अधिसूचना की तिथि दिनांक 02.05.2023 होगी।

## 2. पारिश्रमिक और अन्य लाभ

उपरोक्त पदों में एनसीडब्ल्यूए के प्रावधानों के अनुसार अर्जित अवकाश, चिकित्सा अवकाश, आकस्मिक अवकाश आदि के साथ अन्य भत्तों और क्रमिक आधार पर मूल वेतन के 3% की दर से वार्षिक वेतन देय वृद्धि है। स्वयं व आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए

चिकित्सा सुविधा, ग्रेच्युटी, कोयला खान भविष्य निधि, सीएमपीएस 1998 के तहत पेंशन, कंपनी का आवास या एचआरए आदि कंपनी के नियमों के अनुसार स्वीकार्य होंगे।

**3.** आवेदन शुल्क

| | |
|---|---|
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उम्मीदवार के लिए | शून्य |
| ओबीसी (नॉन-क्रीमीलेयर) उम्मीदवार के लिए | **₹ 1180/- (₹1000 + ₹180** जीएसटी**)** |

एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। इसलिए, उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले अपनी पात्रता की जांच कर लें। बैंक द्वारा लगाया गया कोई अन्य कर या शुल्क उम्मीदवार द्वारा वहन किया जाएगा। आवेदन पत्र में सभी विवरण भरने के बाद उम्मीदवार को फॉर्म जमा करना होगा।

आवेदन पत्र के साथ **धनबाद** में देय **"भारत कोकिंग कोल लिमिटेड"** के पक्ष में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का उपर्युक्त राशि का डिमांड ड्राफ्ट संलग्न होना चाहिए। आवेदन शुल्क प्राप्त नहीं होने पर बीसीसीएल प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

4. <u>आवेदन भरने से पहले निर्देश:</u>

उम्मीदवारों को वेबसाइट: www.bcclweb.in पर उपलब्ध निर्धारित आवेदन पत्र में आवेदन करना होगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमीलेयर) के संबंध में जाति प्रमाण पत्र के निर्धारित प्रारूप संदर्भ के लिए उपर्युक्त वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

**आवेदन के साथ पद के लिए निम्नलिखित सहायक दस्तावेजों को संलग्न करें-**

I. मूल आवेदन पत्र वेबसाइट-**www.bcclweb.in** से डाउनलोड किया गया (विधिवत भरा हुआ)।
II. मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी। (जन्म तिथि के समर्थन में)
III. शैक्षिक योग्यता (मैट्रिक और उसके बाद) से संबंधित अंकपत्र और प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित फोटोकॉपी।
IV. अंकपत्र की स्व- प्रमाणित फोटोकॉपी और तकनीकी योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र (जैसा लागू हो)।
V. अनुभव प्रमाण पत्र आदि की स्व- प्रमाणित फोटोकॉपी (यदि लागू हो)
VI. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रोफार्मा में जाति प्रमाण पत्र (एससी / एसटी / ओबीसी-नॉन क्रीमी लेयर) की स्व- प्रमाणित फोटोकॉपी।

VII. मूल रूप में डिमांड ड्राफ्ट (जैसा लागू हो)।

VIII. आधार कार्ड की स्व- प्रमाणित फोटोकॉपी।

<u>आवेदन पत्र जमा करना:</u>

**सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को केवल पंजीकृत / स्पीड पोस्ट के माध्यम से "महाप्रबंधक (कार्मिक और औद्योगिक संबंध), भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, कोयला भवन, कोयला नगर, पोस्ट-बीसीसीएल टाउनशिप, धनबाद, झारखंड, पिन-826005" को इस तरह से आवेदन भेजना चाहिए कि आवेदन दिनांक 25.05.2023 को 05.00 बजे अपराह्न** तक या उससे पहले पहुंच जाए। **आवेदन हाथ से स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्धारित प्रपत्र के अलावा अन्य भेजे गए आवेदन या अधूरे आवेदन, नियत तिथि के बाद और सभी अनुलग्नकों के बिना प्राप्त आवेदनों को खारिज कर दिया जाएगा। आवेदन पत्र वाले लिफाफे के ऊपर बड़े अक्षरों में आवेदित पद का नाम स्पष्ट रूप से लिखा जाना चाहिए।**

**5. <u>चयन प्रक्रिया (कंप्यूटर आधारित परीक्षा)</u>**

1. चयन पद्धति में केवल कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) शामिल होगा। कोई व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित नहीं होगा।

2. योग्य उम्मीदवारों को इस अधिसूचना/विज्ञापन में निर्धारित आयु, शैक्षिक/तकनीकी योग्यता, वैध वैधानिक प्रमाण पत्र आदि जैसी पात्रता के संबंध में उनकी घोषणा के आधार पर अस्थायी रूप से कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के लिए बुलाया जाएगा। कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के परिणामों की घोषणा के बाद बुलाए गए उम्मीदवारों की उनके द्वारा आवेदित पद के लिए किए गए दावों की जांच/सत्यापन दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में की जाएगी। यदि पात्रता मानदंड और आवेदकों द्वारा प्रस्तुत घोषणा में कोई विसंगति पाई जाती है, तो केवल उम्मीदवारों की घोषणा के आधार पर सीबीटी में उपस्थित होने से वे चयन में आगे की प्रक्रिया में सम्मिलित होने के हकदार नहीं होंगे।

3. सीबीटी में बहुविकल्पीय उत्तरों वाले वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे और गलत उत्तरों के लिए कोई **नकारात्मक अंकन** नहीं होगा। प्रश्न-पत्र द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी) होंगे।

4. सीबीटी में दो खंड होंगे अर्थात "ए" और "बी"। खंड "ए" में विशिष्ट रूप से सामान्य जागरूकता / योग्यता के प्रश्न शामिल होंगे और 'एक' अंक वाले 20 प्रश्न होंगे, इसी तरह प्रश्न-पत्र के खंड "बी" में तकनीकी ज्ञान से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे और इसमें 'एक'

अंक वाले 80 प्रश्न शामिल होंगे। प्रश्न पत्र कुल 100 अंकों का होगा।

5. सीबीटी का सटीक शेड्यूल बीसीसीएल की वेबसाइट (https://bcclweb.in) पर यथासमय प्रदर्शित किया जाएगा।

6. सीबीटी के परिणाम बीसीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट (https://bcclweb.in) पर उपलब्ध होंगे।

7. योग्यता अंक (सीबीटी) निम्नानुसार होंगे:

कंप्यूटर आधारित टेस्ट के लिए अर्हक अंक

| कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में अर्हक अंक | |
|---|---|
| **ओबीसी (नॉन-क्रीमीलेयर) उम्मीदवार के लिए** | **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उम्मीदवार के लिए** |
| 40 अंक (अर्थात 40% 100 में से) | 35 अंक (35% 100 में से) |

8. सीबीटी में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों के मेरिट क्रम के आधार पर, शॉर्टलिस्ट किए गए योग्य उम्मीदवारों को 1:3 के अनुपात में दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा।
9. सीबीटी में प्राप्त अंकों के बराबर होने की स्थिति में, इसे डीजीएमएस द्वारा योग्यता प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि, उसके बाद जन्म तिथि (अधिक आयु वाले उम्मीदवार को वरीयता) और उसके बाद नाम को अंग्रेजी अल्फाबेट में पहले होने के आधार पर हल किया जाएगा।
10. सीबीटी में प्राप्त कुल अंकों के क्रम में सफलतापूर्वक शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को बीसीसीएल की वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रमाण पत्रों की जांच के लिए सूचित किया जाएगा। उम्मीदवारों को स्क्रूटनी के लिए इस विज्ञापन में अधिसूचित पात्रता मानदंड के अनुसार सभी मूल प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों और उनकी फोटोकॉपी के साथ उपस्थित होना होगा। जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध सरकारी/स्वायत्त निकायों/पीएसयू/सीआईएल और सहायक कंपनियों आदि में काम कर रहे हैं, उन्हें दस्तावेज़/प्रमाणपत्र सत्यापन के समय अपने नियोक्ता से **"अनापत्ति प्रमाणपत्र"** प्रस्तुत करना होगा अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

**6. मेडिकल फिटनेस**

उपरोक्त पदों पर शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का नाम अनंतिम होगा जो कि कंपनी द्वारा पद के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार उम्मीदवार को चिकित्सकीय रूप से

फिट पाए जाने के अधीन होगा। चयनित उम्मीदवारों को कंपनी के अस्पताल में कंपनी के डॉक्टर द्वारा चिकित्सा जांच से गुजरना होगा, और अंतिम नियुक्ति/कार्यभार ग्रहण कंपनी के मेडिकल अटेंडेंस रूल्स (MAR) के अनुसार खानों में रोजगार के लिए चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित किए जाने के अधीन होगी।

**7. उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश:**

i. आवेदक की उम्मीदवारी अनंतिम रूप से स्वीकार की जाएगी, जो प्रमाणपत्रों, विवरण प्रपत्रों और चरित्र पूर्ववृत्त के सत्यापन के अधीन है।

ii. मूल वेतन के अलावा, इस पद पर कंपनी के नियमों/राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता-X के अनुसार अन्य भत्ते और अनुषंगी लाभ देय हैं।

iii. उम्मीदवारों को आवेदन करते समय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं उसके लिए निर्धारित न्यूनतम पात्रता मानदंड और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करते हैं और उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण हर तरह से सही हैं। उम्मीदवार अंतिम रूप से आवेदन पत्र जमा करने से पहले आवेदन पत्र में दी गई जानकारी जैसे जन्म तिथि, श्रेणी, उप-श्रेणी, संपर्क विवरण आदि की जांच कर लें, क्योंकि बाद में कोई सुधार संभव नहीं होगा। इसके लिए प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

iv. यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार न्यूनतम पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है और/या अन्य मानदंडों का पालन नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी प्रासंगिक जानकारी/ भौतिक तथ्य (तथ्यों) को छुपाया है और/या चयन प्रक्रिया के दौरान अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनुचित साधन का सहारा लिया है और/या किसी भी तरह से अपनी उम्मीदवारी के लिए अनुचित प्रभाव का उपयोग किया है और/या प्रतिरूपण किया है या किसी व्यक्ति द्वारा प्रतिरूपण करवाया है, उसकी उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी उपरोक्त कमियों में से कोई पायी जाती हैं / का पता चला जाता है, तो उसकी नियुक्ति शून्य हो जाएगी और बिना सूचना के उसकी उम्मीदवारी को खारिज कर दिया जाएगा और विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

v. आवेदन पत्र और अन्य निर्धारित स्थानों पर उम्मीदवारों के हस्ताक्षर समान होने चाहिए और रनिंग हैंड में होने चाहिए, न कि ब्लॉक / कैपिटल या असंबद्ध अक्षरों में या शॉर्टहैंड या आद्याक्षर में।

vi. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमीलेयर) के

उम्मीदवारों को निम्नलिखित में से किसी से जारी वैध जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियों को संलग्न करना आवश्यक है:

क) जिला मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर/उपायुक्त/अतिरिक्त उपायुक्त/डिप्टी कलेक्टर/प्रथम श्रेणी वैतनिक मजिस्ट्रेट/उप आयुक्त मजिस्ट्रेट/तालुका मजिस्ट्रेट/कार्यकारी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त सहायक आयुक्त।

ख) मुख्य प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त मुख्य प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट/प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट।

ग) राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार के पद से नीचे का न हो।

घ) उस क्षेत्र का अनुविभागीय अधिकारी जहां उम्मीदवार और/या उसका परिवार सामान्य रूप से रहता है।

vii. एससी/एसटी/ओबीसी (नॉन-क्रीमीलेयर) की वैधता संबंधी प्रमाण पत्र के उल्लंघन में श्रेणी में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

viii. ओबीसी-एनसीएल श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियां केवल नॉन-क्रीमी लेयर (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं। ओबीसी-नॉन क्रीमीलेयर के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी ओबीसी की केंद्रीय सूची में ओबीसी समुदाय से संबंधित अपने दावे के समर्थन में जांच के समय एक वैध जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। प्रमाण पत्र इस उद्देश्य के लिए निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए, ताकि यह साबित किया जा सके कि वे ओबीसी के "क्रीमी लेयर" में नहीं हैं। शैक्षिक उद्देश्यों के लिए प्रवेश के लिए ओबीसी-एनसीएल प्रमाण पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

ix. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) प्रमाणपत्र या तो हिंदी या अंग्रेजी में होना चाहिए।

x. उम्मीदवारों को **कट-ऑफ तिथि** को या उससे पहले न्यूनतम योग्यता मानदंड उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके सभी प्रमाणपत्र कट-ऑफ तारीख को या उससे पहले जारी किए गए हों।

xi. आवेदन जो किसी भी तरह से अपूर्ण हैं या बिना किसी अपेक्षित जानकारी के या आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद प्रस्तुत किए गए हैं, उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

xii. आवेदक की उम्मीदवारी विशुद्ध रूप से अनंतिम होगी और बाद की तारीख में मूल प्रमाणपत्रों/विवरण प्रपत्रों की जांच/सत्यापन के अधीन होगी।

xiii. सीबीटी में उपस्थित होने, दस्तावेज़ सत्यापन, प्रारंभिक चिकित्सा परीक्षा या

चयनित होने पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए कोई टीए / डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।

xiv. दस्तावेज़ सत्यापन के समय आवेदन पत्र के साथ सुपाठ्य रूप में सभी सहायक दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां जमा की जानी चाहिए।

xv. उम्मीदवार द्वारा प्रदान किए गए सभी दस्तावेजों (जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, वैधानिक प्रमाण पत्र, आदि) को जारी करने वाले प्राधिकारी से सत्यापित करवाया जाएगा और नियोजन के बाद किसी भी चरण में प्रमाण पत्र संतोषजनक / वास्तविक नहीं पाए जाने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

xvi. प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर, परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया जाएगा।

xvii. उम्मीदवारों के पते में परिवर्तन या सीबीटी के स्थान में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

xviii. दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की जांच के समय उम्मीदवार के नाम/उसके पिता के नाम, उपनाम, या उसके शैक्षिक/तकनीकी/प्रोफेशनल/जाति प्रमाण पत्र/आवेदन में जन्मतिथि में कोई अंतर/भिन्नता पाए जाने पर भी उम्मीदवारी को खारिज कर दिया जाएगा।

xix. किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार (कैनवासिंग) करने पर उम्मीदवार को अयोग्य कर दिया जाएगा/उम्मीदवारी को जब्त कर लिया जाएगा।

xx. किसी उम्मीदवार को प्रवेश पत्र/बुलावा पत्र जारी करने का मतलब यह नहीं होगा कि बीसीसीएल द्वारा उसकी उम्मीदवारी को अंतिम रूप से स्वीकार कर लिया गया है। उम्मीदवारी तब तक अनंतिम रहेगी जब तक कि उम्मीदवार द्वारा सीबीटी में अर्हता प्राप्त करने के बाद बीसीसीएल पात्रता शर्तों के संदर्भ में मूल दस्तावेजों का सत्यापन नहीं कर लेता है और नियुक्ति की पुष्टि नहीं कर देता है ।

xxi. कंपनी बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

xxii. पात्रता, आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन का तरीका, परीक्षा केंद्रों का आवंटन, उम्मीदवारों का चयन, चयनित उम्मीदवारों की पोस्टिंग आदि से संबंधित सभी मामलों पर बीसीसीएल प्रबंधन का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी पूछताछ/ पत्राचार का जवाब नहीं दिया जाएगा।

xxiii. प्रबंधन भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/पुनर्निर्धारित/रद्द/निलंबित करने का अधिकार

सुरक्षित रखता है, यदि आवश्यकता पड़ी तो बिना कोई नोटिस या कारण बताए, प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी।

xxiv. सभी प्रयोजनों के लिए कट-ऑफ तारीख दिनांक 02.05.2023 मानी जाएगी।

xxv. किसी भी विवाद का क्षेत्राधिकार केवल धनबाद न्यायालय में होगा।

xxvi. किसी भी अस्पष्टता/भ्रम की स्थिति में, रोजगार अधिसूचना के अंग्रेजी संस्करण को मान्य माना जाएगा।

7. महत्वपूर्ण तिथियां :

| विवरण | तारीख |
|---|---|
| आवेदन प्रारंभ होने की तारीख | **02.05.2023** |
| आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख | **25.05.2023** को **05.00** बजे अपराह्न |
| योग्य उम्मीदवारों के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की संभावित तारीख | बीसीसीएल वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा |
| कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) की संभावित तारीख | बीसीसीएल वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा |
| परिणाम प्रकाशित होने की संभावित तारीख | बीसीसीएल वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा |

**नोट: -** सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे हमारी वेबसाइट **https://www.bcclweb.in** पर जाकर चयन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर अपडेट रहें।

महाप्रबंधक (का. एवं औ.सं.)
बीसीसीएल, कोयला भवन
धनबाद

# भारत कोकिंग कोल लिमिटेड

(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

कोयला भवन , कोयला नगर, धनबाद-**826005**

## <u>आवेदन प्रपत्र</u>

- आवेदन प्रपत्र को साफ व स्पष्ट अक्षरों में भरा जाना है (व्हाइटनर/कट

| <u>कार्यालय के प्रयोग के लिए</u> | | | |
|---|---|---|---|
| आवेदन पत्र संख्या | | रोल नंबर | |
| आवेदन प्राप्ति की तारीख | | | |

यहाँ पर पासपोर्ट आकार का स्वहस्ताक्षरित रंगीन फोटोग्राफ चिपकाएं और इसे किसी राजपत्रित

मार्क नहीं लगाएं)-

<u>उम्मीदवार सावधानी से आवेदन पत्र भरें</u>-

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1.** | नियोजन सूचना संख्या और तारीख: | | |

**2.** उम्मीदवार की आधार संख्या

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**3.** उम्मीदवार का नाम (मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र के अनुसार) **(**बड़े अक्षरों में**)**।

पहला नाम:

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

मध्य:

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | |

उपनाम:

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | |

4. जन्म तिथि:

| D | M | M | Y | Y | Y | Y |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**5.** दिनांक 02.05.2023 को आयु

......................वर्ष..............महीने.................. दिन

**6.** लिंग- पुरुष/महिला/अन्य

7. जाति:

| |
|---|
| |

8. पिता का नाम : (स्पष्ट अक्षरों में)

..................................................................................................

9. पत्र-व्यवहार के लिए पता: (स्पष्ट अक्षरों में)

| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ज़िला: | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| राज्य : | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | पिन | | | | | | | | | |

10. स्थायी पता: (स्पष्ट अक्षरों में)

| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ज़िला: | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| राज्य : | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | पि | | | | | | | | | |

| न | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|

11. वैवाहिक दर्जा : विवाहित ☐ अविवाहित ☐

12. वर्ग:

| अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) |
|---|---|---|
| | | |

13. जाति प्रमाणपत्र का विवरण (यदि लागू हो):

जाति प्रमाणपत्र संदर्भ संख्या : ................................. जारी करने की तारीख..............................

जारी करने वाले प्राधिकारी ..................... ........................ स्थान..................................

(जारी करने वाले अधिकारी का पदनाम)

14. शिक्षात्मक और पेशेवर योग्यता:

| क्र. सं. | उत्तीर्ण परीक्षा | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | पाठ्यक्रम की अवधि ( वर्ष में) | उत्तीर्ण करने का महीना व वर्ष | प्राप्त अंकों का प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

15. वैधानिक प्रमाण पत्र का विवरण (प्रमाण पत्रों की विधिवत साक्ष्यांकित प्रतियां संलग्न करें)

| क्र. सं | वैधानिक प्रमाणपत्र | प्रमाणपत्र संख्य | जारी करने वाले | जारी करने की | प्रमाणपत्र की वैधता | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | से | तक |

| . | | ा | प्राधिकारी | तारीख | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

16. क. रोजगार का विवरण, शुरुआत से अंतिम तक:

| क्र.सं. | संगठन का नाम | पद नाम | से | तक | कुल वर्ष, महीने) | वेतन मान | तदर्थ/अस्थायी/स्थायी | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

ख. क्या वर्तमान में सरकार / अर्द्ध सरकार /राज्य सरकार/ पीएसयू में कार्यरत हैं:

हाँ ☐ नहीं ☐

ग. क्या पहले बीसीसीएल या सीआईएल की किसी सहायक कंपनी में किसी पद के लिए आवेदन किया था

हाँ ☐ नहीं ☐

अगर हाँ, कृपया निम्नलिखित विवरण भरें:

| पदनाम | रोल नंबर | कंपनी | क्या चयन हुआ | |
|---|---|---|---|---|
| | | | हाँ | नहीं |
| | | | | |

घ. डिमांड ड्राफ्ट का विवरण: ( यदि लागू हो)

| डिमांड ड्राफ्ट संख्या | | | | | | जारी करने की तारीख | | | | | | | | जारी करने वाला बैंक | कहाँ देय है | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | D | D | M | M | Y | Y | Y | Y | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | |

**17. (** क **) मोबाइल नंबर.................................'....**

**..........................................................**

**(ख) ई- मेल**

**........................................................................................................**

**....**

**घोषणा:**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी कथन मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य हैं। मेरे द्वारा दिया गया कोई विवरण या जानकारी किसी भी स्तर पर असत्य या गलत पाए जाने की स्थिति में, परीक्षा के लिए मेरी उम्मीदवारी अस्वीकृत या रद्द की जा सकती है और नियुक्ति के बाद भी कोई विवरण/सूचना गलत पाए जाने की स्थिति में, मेरी सेवाएं बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती हैं।

स्थान-

दिनांक- ( उम्मीदवार का हस्ताक्षर)